हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

**रमज़ानुल मुबारक**

### आख़री रात में बख़्शीश

हज़रत अबु हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि रमज़ान की आख़री रात में उम्मते मुहम्मदिया सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की मग़फ़िरत कर दी जाती है, अर्ज़ किया गया - या रसूल सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ! क्या इससे शबे क़द्र मुराद है?

फ़रमाया नही! (ये फ़ज़ीलत आख़री रात की है, शबे क़द्र की फ़ज़ीलत इसके अलावा है) बात यह है कि अमल करने वाला का अजर उस वक़्त पूरा दे दिया जाता है, जब काम पूरा कर दिया जाता है, लिहाज़ा बख़्शीश हो जाती है। ( मिशकात )

# सेलू और सिंदी के बीच 18 किमी रेलवे लाइन का निर्माण पूरा

**नागपुर.**



रेल माल यातायात को सुगम बनाने तथा यात्री ट्रेनों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलाने के लिए अतिरिक्त रेलवे लाइनों के निर्माण का कार्य चल रहा है तथा नागपुर के निकट सेलू और सिंदी के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने सेलू से सिंदी (किमी 772 - किमी 790) के बीच तीसरी और चौथी रेलवे लाइन का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह नई 18 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन रेल परिवहन की दक्षता बढ़ाएगी, परिचालन क्षमता में सुधार करेगी और यात्री और मालगाड़ियों दोनों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाएगी।

इस संबंध में, रेलवे सुरक्षा आयुक्त 27 और 28 मार्च 2025 को इस नई रेलवे लाइन का निरीक्षण और गति परीक्षण करेंगे। यह गति परीक्षण नई पटरियों की सुरक्षा और प्रदर्शन का परीक्षण करेगा और सत्यापित करेगा कि क्या वे सुरक्षित रेल परिवहन के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा करते हैं। सभी रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों और रेलवे लाइन के पास रहने वाले नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस अवधि के दौरान रेलवे लाइन पार न करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। रेलवे प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतेगा कि यह निरीक्षण प्रक्रिया सुचारू और सुरक्षित हो। इन अतिरिक्त रेल लाइनों के पूरा होने से मौजूदा रेल लाइनों पर यातायात कम हो जाएगा, देरी कम हो जाएगी और क्षेत्र में रेल सेवा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। नागपुर मंडल बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने और रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

# जलकुंभी से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और महिला कौशल विकास, नगर निगम की वनरोपण पहल

**नागपुर.**

नागपुर शहर के अंबाझरी तालाब में पाए जाने वाले जलीय पौधों से पर्यावरण अनुकूल उत्पाद बनाने की पहल नगर निगम द्वारा की जाएगी। इसके लिए नागपुर नगर निगम एक सौ महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देगा। इस पहल से शहर में स्वयं सहायता समूहों और महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण भी मिलेगा। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट (21 मार्च) में जलकुंभी से हस्तशिल्प और रोजगार सृजन के लिए 33.07 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। नगर आयुक्त और प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी का इरादा जल लिली को काटने और उनसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाने की पहल को लागू करने का है। सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए, नागपुर नगर निगम ने जल लिली से लेकर विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल वस्तुओं के निर्माण की पहल की है। महिलाओं को जल लिली से वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस जल लिली से 200 वस्तुएं बनाई जाएंगी जैसे सुंदर टोकरियां, विभिन्न आकारों के पर्स, चटाई, योगा मैट, टोपी और चाय के कोस्टर।



**पारडी में कौशल प्रशिक्षण**

पुनापुर पारडी में नागपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित कौशल विकास केंद्र में 100 महिलाओं को अंबाझरी झील की जल लिली से विभिन्न वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दो प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे. 50 महिलाओं को करघा मशीनों का उपयोग करके वस्तुएं बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और 50 महिलाओं को रोलर मशीनों का उपयोग करके वस्तुएं बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। जल संचयन के माध्यम से हस्तशिल्प एवं रोजगार सृजन परियोजनाएं शुरू करने के लिए बजट में 33.07 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

**महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए काम करना**

राज नालंदा वस्तिस्तार संस्था के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को जल लिली काटने का काम दिया गया है। भीमई महिला स्व-सहायता समूह , पंचशील महिला स्व-सहायता समूह , आर्या महिला स्व-सहायता समूह , सावित्री की बेटियां स्व-सहायता समूह, लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह और वैष्णवी महिला स्व-सहायता समूह को अनुमति दी गई है।

# ट्रक में गोवंश तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, बेलतरोडी पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

बेलतरोड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गोवंश जानवरों की अवैध तस्करी का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई तब हुई जब पशु कल्याण अधिकारी राम कृष्णराव नंदनवार,(40) गोलीबार चौक, तहसील, निवासी, अपने मित्र के साथ रात 12 बजे के करीब स्विफ्ट कार से पांजरी टोल नाके के पास से गुजर रहे थे। उन्होंने एक ट्रक में गोवश को ठूंसकर ले जाते देखा और तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दी।

बेलतरोड़ी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर पंचों की उपस्थिति में वाहन की तलाशी ली। जांच में पता चला कि ट्रक में 16 जीवित गोवंश जानवरों को बिना चारा-पानी के निर्दयतापूर्वक ठूंसकर कत्लखाने ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने मौके से वाहन चालक शेख मेहमुद शेख मुस्ताक (50) कोलसा टाल, कामठी, निवासी को गिरफ्तार किया। जब उससे जानवरों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका और टालमटोल करता रहा। जांच में साफ हुआ कि जानवरों को अवैध रूप से कत्ल के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 23.20 लाख रुपये मूल्य के 16 गोवंश जानवर और ट्रक को जब्त कर लिया है। सभी जानवरों को गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया है। इस मामले में बेलतरोड़ी पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण अधिनियम 1976 (संशोधन 1995), पशु क्रूरता अधिनियम 1960 और केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उपनिरीक्षक पंकज काकड़े द्वारा आगे की जांच की जा रही है।



# भंडारा रोड पर भीषण सड़क हादसा

## > एक गंभीर घायल, मामला दर्ज

**नागपुर.** भंडारा रोड स्थित सुभाष नगर टी-पॉइंट के पास सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि ऑटो में सवार चार लेबर यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिर्यादी नंदकिशोर गणपत इंगले (49) जुना पारडी नाका, सोनबा नगर, प्रजापती नगर स्टेशन के पीछे निवासो अपने ऑटो में चार लेबर यात्रियों को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12:10 बजे के आसपास, कलमना थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर टी-पॉइंट के पास एक कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी।

कार चालक की पहचान कुणाल गोपाल उरकुडे (42), निवासी प्लॉट नं. 61, लाल स्कूल के पास, पारडी, के रूप में हुई है। वह अपनी कार को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए ऑटो से भिड़ गया और फिर पास में लगे एक ठेले से टकराकर मौके से फरार हो गया। हादसे में फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य चार यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। इस घटना के संबंध में कलमना पुलिस स्टेशन में पुलिस ने शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# पुलिस की सतर्कता से चोरी की वारदात नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

लकड़गंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्धमान नगर में 25 मार्च 2025 को सुबह 10:30 से 11:30 बजे के बीच एक चोरी की घटना को अंजाम देने आए दो आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार फरियादी चंपत रामाजी शहा (64) अपने परिवार के साथ जैन मंदिर, इतवारी दर्शन के लिए गए हुए थे और घर पर ताला लगा था। इसी दौरान पड़ोसियों ने देखा कि दो संदिग्ध युवक उनके घर का चैनल गेट तोड़कर भीतर घुसे हैं। उन्होंने तुरंत दरवाज़ा बाहर से बंद कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लकड़गंज पुलिस ने तत्परता से घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाज़ा खोला और चोरी के इरादे से घर में घुसे दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम करण रामप्रसाद उर्फ मोफतलाल बागड़ी (22) और गोलू छोटू बागड़ी (20), दोनों केकड़ी, जिला अजमेर, राजस्थान निवासी बताए गए हैं।



पूछताछ में आरोपियों ने अक्टूबर 2024 में कलमना थाना क्षेत्र में भी एक घरफोडी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस रिकॉर्ड की जांच में यह सामने आया कि उस घटना में आरोपियों ने लगभग 7,40,000 रुपये का सामान चुराया था। इस कार्रवाई का मार्गदर्शन पुलिस उपआयुक्त, परिक्षेत्र 5 निकेतन कदम एवं सहायक पुलिस आयुक्त, कामठी विभाग विशाल क्षीरसागर कुमार के मार्गदर्शन में वपोनि हेमंत चांदेवार, दुपोनि साईनाथ रामोड, पोउपनि संदीप शिंदे, पोहवा ज्ञानेश्वर रेवतकर, महेश जाधव, नापोअं. राठोड़, पोअं. मडावी, तांदुळकर और दीक्षित द्वारा अंजाम दिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है।

# अजनी लोको शेड की ग्रीष्मकालीन सौगात

**नागपुर.** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए मध्य रेलवे के अजनी इलेक्ट्रिक लोको शेड ने लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों के लिए विशेष ग्रीष्मकालीन सुविधाओं की शुरुआत की है। इन पहलों का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों के कार्यस्थल को आरामदायक बनाना है, बल्कि ट्रेन परिचालन की दक्षता और सुरक्षा को भी बढ़ाना है। लोको शेड द्वारा 134 इंजनों में कैब एयर कंडीशनर लगाए गए हैं, जिनमें 45 मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए डब्ल्यूएपी-7 और 89 मालगाड़ियों के लिए डब्ल्यूएजी-9 लोकोमोटिव शामिल हैं। इन एयर कंडीशनरों की नियमित देखभाल के लिए विशेष अनुरक्षण अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा, 169 और इंजनों में इस सुविधा को जोड़ने की योजना है।

गर्मी से राहत देने के लिए लोको कैब में कम शोर वाले पंखे लगाए गए हैं, जबकि तेज धूप से बचाने के लिए लुकआउट ग्लास पर सन वाइजर फिल्म चढ़ाई गई है। इससे दृश्यता में सुधार और थकान में कमी आती है। लोको पायलटों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंजनों में एडजस्टेबल सीटें भी लगाई गई हैं, जिससे लंबी दूरी की यात्राओं के दौरान आराम बना रहे। स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए 27 डब्ल्यूएजी-9 इंजनों में वॉटरलेस यूरिनल लगाए गए हैं, जिन पर कर्मचारियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है।रात्रि संचालन को सुरक्षित बनाने के लिए 33 यात्री इंजनों में एलईडी हेडलाइट्स स्थापित की गई हैं, जो अधिक रोशनी और बेहतर बीम प्रदान करती हैं।

# चोरी हुई बुलेट बाइक 24 घंटे में बरामद

## ट्रैफिक चालान से मिला सुराग

**नागपुर.**

नागपुर रेलवे स्टेशन के टू-व्हीलर स्टाफ पार्किंग से चोरी हुई रॉयल एनफील्ड बुलेट बाइक को लोहमार्ग पुलिस ने महज 24 घंटे में बरामद कर लिया। इस मामले की खास बात यह रही कि पुलिस को बाइक का सुराग एक ट्रैफिक चालान के माध्यम से मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने 21 मार्च 2025 को अपनी काले रंग की रॉयल एनफील्ड बुलेट, जिसकी कीमत लगभग 1,98,000 है, रेलवे स्टेशन के मेन गेट टू-व्हीलर पार्किंग में खड़ी की थी और उज्जैन की यात्रा पर रवाना हो गए थे। जब वे 24 मार्च को लौटे, तो उन्होंने देखा कि बाइक पार्किंग से गायब है। इस संबंध में उन्होंने नागपुर रेलवे पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जैसे ही मामला दर्ज हुआ, लोहमार्ग पुलिस की अपराध जांच टीम ने तकनीकी आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान जानकारी मिली कि वर्धा में उक्त बाइक का ट्रैफिक चालान हुआ है। इस सूचना के आधार पर जांच अधिकारी पुष्पराज मिश्रा, पुलिस कांस्टेबल प्रवीण खवसे और मझहर अली वर्धा पहुंचे और ट्रैफिक पुलिस से संपर्क किया। वहां से मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर एक युवक और युवती सवार थे और उन्होंने हेलमेट न पहनने के कारण चालान कटवाया था। वे अमरावती-अकोला मार्ग की ओर जा रहे थे। आगे की जांच में बोरगांव मंजु में बाइक का फिर से चालान होने की जानकारी मिली, जहां से पुलिस को पता चला कि वे दोनों नासिक जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने युवक का मोबाइल नंबर लिया था। गाड़ी का चालान होने का मैसेज फरियादी के मोबाइल फोन पर मिला था। इसके बाद नासिक पहुंचने पर तकनीकी लोकेशन ट्रेस करके पता चला कि संदिग्ध नासिक रोड क्षेत्र में हैं।



स्थानीय पुलिस की सहायता से लोहमार्ग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रणिल सुनील मोरे (28) सीनर, नाशिक निवासी को उसके घर से गिरफ्तार किया और चोरी हुई बुलेट बाइक बरामद कर ली। बताया जा रहा है कि आरोपी पढ़ाई कर रहा है और उसे बाइक का शौक है उसके घर में तीन बाइक मिली है हालांकि उसका इससे पहले कोई भी अपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी प्रणिल नागपुर में रहने वाली अपनी एक महिला दोस्त की बहन की शादी में आया हुआ था।

इस दौरान उसने रेलवे स्टेशन परिसर से गाड़ी को चोरी किया और अपनी महिला दोस्त को बताया कि उसने नई गाड़ी खरीदी है और वह उसे अपने साथ घुमाने नाशिक लेकर गया था। इस सफल कार्यवाही का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक गौरव गावंडे ने किया, जबकि जांच टीम में पुष्पराज मिश्रा, प्रवीण खवसे और मझहर अली शामिल थे। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका नारनवरे, अपर पुलिस अधीक्षक दत्ताराम राठौड और विभागीय पुलिस अधिकारी पांडुरंग सोनवाने के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

# 'मोलमपल्ली का एक वीर' फिल्म का निमार्ण शुरू

**नागपुर.** 'मोलमपल्ली का एक वीर' इस फिल्म का निर्माण होने जा रहा है ,इस फिल्म के निर्माता व गीतकार कैलास भडके उर्फ राज कैलास ने बताया है कि क्रांतिवीर शहीद बाबुराव शेडमाके के जीवन चरित्र पर इस फिल्म का निर्माण होने जा रहा है! इस फिल्म की शूटिंग चार माह चलनेवाली है इस फिल्म के राइटर /डायरेक्टर विलास गाडगे( मुंबई ) हैं, फिल्म के लिए इंडस्ट्री के सभी बड़े स्टारो से संपर्क किया गया हैं, वीर बाबूराव शेडमाके के रोल मे तेजस गाडगे को लॉन्च किया जा रहा हैं ! इस फिल्म के पोस्टर का विमोचन महाराष्ट्र राज्य के आदिवासी विकास मंत्री अशोक उईके के हाथो से हुआ है, हंसराज अहीर (राष्ट्रीय मागास आयोग प्रेसिडेंट नई दिल्ली .) की उपस्थिती मे उद्घाटन और बैनर का विमोचन हुआ. इस अवसर पर चंद्रपूर के विधायक किशोर जोगरवार उपस्थित थे. फिल्म के डायरेक्टर विलास गाडगे ने आभार व्यक्त किया.



कार्यक्रम मे अशोक अंबागडे, सौरभ मादासवार , सागर कातकर , किसन बोबडे , आदि मान्यवर उपस्थित थे.

# श्री झूलेलाल जी का 1075वां जन्मोत्सव 30 मार्च को

## > नागपुर के गांधीसागर झूलेलाल मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा



**नागपुर.**

सिंधी समाज के इष्ट देवता और वरूण अवतार श्री झूलेलाल जी का 1075वां जन्मोत्सव 30 मार्च को नागपुर के गांधी सागर झूलेलाल मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। इस आयोजन का आयोजन सिंधु झूलेलाल वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा किया जाएगा, जिसमें महंत ठकुर मोहनदास के सानिध्य में महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। समाज के विभिन्न वर्गों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक संस्थाओं और शहर की पंचायतों के सहयोग से यह उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष रमेश जेसवानी ने एक पत्रकार परिषद में जानकारी दी। महोत्सव की शुरुआत शनिवार, 29 मार्च को संध्या 5 बजे महंत ठकुर मोहनदास, रमेश जेसवानी और अन्य प्रमुख अतिथियों के शुभहस्ते दीप प्रज्वलित कर की जाएगी। इस अवसर पर झूलेलाल जी की प्रतिमा का माल्यार्पण भी किया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां

बच्चों और महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें वेशभूषा स्पर्धा, टैलेंट स्पर्धा, मेहंदी स्पर्धा और सिंधी व्यंजन स्पर्धाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में पुरस्कारों की घोषणा आशिष एन एक्स, श्याम देवानी, राजूभाई माखीजा और अन्य प्रमुख लोगों द्वारा की जाएगी। 30 मार्च, रविवार को महाअभिषेक का आयोजन सुबह 6 बजे महंत ठकुर मोहनदास द्वारा पंचामृत व पवित्र नदियों के जल से किया जाएगा। इसके बाद, सुबह 9.30 बजे बहिराना साहिब की पूजा अर्चना होगी, जिसे 'सारस्वत सिंधी ब्राम्हण मण्डल' के बीस ब्राम्हणों के सानिध्य में संपन्न किया जाएगा। मुख्य आयोजन के दौरान सिंधु एकता स्कूटर रैली का स्वागत और महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। महिला समिति द्वारा शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें 51 महिलाएं सिर पर मंगलकलश रखकर भाग लेंगी। शोभायात्रा में विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य, जैसे सिंधी छेज, शिव तांडव, कच्छी घोड़ा नृत्य, और अखाड़ा मलखाम्ब जैसी प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

# निर्माण स्थल से 3.65 लाख का सामान चोरी

**नागपुर.** वाठोड़ा थाना क्षेत्र के तरोडी स्थित प्लॉट नंबर 123/1 पर चल रहे निर्माण कार्य स्थल से अज्ञात चोरों ने लाखों का लोहे का सामान चुरा लिया। यह निर्माण कार्य कपड़ों के व्यापारी पंकज जगदीश अग्रवाल (47) मलघडे ले-आउट, नंदनवन, निवासी का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 मार्च की रात 9 बजे से लेकर 26 मार्च की सुबह 7 बजे के बीच, जब अग्रवाल और उनका लेबर स्टाफ साइट से घर गया हुआ था, तब किसी अज्ञात आरोपी ने निर्माण स्थल से विभिन्न आकार के लोहे की सळाखें, बल्लियां, चैनल आदि चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की अनुमानित कुल कीमत लगभग 3,65,000 रुपये बताई जा रही है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर वाठोड़ा पुलिस थाने में चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।



# कन्हान नदी डायवर्सन परियोजना से हजारों हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित: डॉ. आशीष देशमुख

**नागपुर.**

सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने कोलार मध्यम परियोजना का दौरा कर कन्हान नदी डायवर्सन परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक सुझाव दिए। विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने बताया कि राज्य की महागठबंधन सरकार ने 1880 करोड़ रुपए की लागत से कन्हान नदी डायवर्सन परियोजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत कोच्चि बैराज के माध्यम से कन्हान नदी से पानी लाकर कोलार परियोजना में छोड़ा जाएगा। इस परियोजना से कोलार बांध की ऊंचाई 7.57 मीटर बढ़ाई जाएगी, जिससे क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा में बड़ा सुधार होगा। डॉ. देशमुख ने कहा कि इस योजना से सावनेर, कलमेश्वर, काटोल और नरखेड तालुका के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे 12914 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई के दायरे में आएगी, जिससे किसानों को फसलों के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में जल स्तर काफी नीचे चला गया है और यहां संतरा किसानों की बड़ी संख्या है। इसलिए, इस परियोजना से उन्हें बहुत



राहत मिलेगी। समीक्षा बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि सावनेर और कलमेश्वर तालुका में कोलार नदी के दाहिने किनारे पर एक बंद नहर बनाई जाएगी। इस नहर के माध्यम से 1200 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के अंतर्गत लाया जाएगा। इसके अलावा, यह परियोजना 3.50 किमी तक जलमग्न क्षेत्र में फैलेगी। इस क्षेत्र में मौजूद टावर लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने की आवश्यकता होगी। यह समीक्षा बैठक नागपुर सिंचाई विभाग (उत्तर नागपुर) के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र निमजे और सिंचाई परियोजना जांच विभाग, नागपुर के कार्यकारी अभियंता किरण मुंगिनवार के साथ संपन्न हुई।

इस दौरान परियोजना की योजना, संभावित भूमि अधिग्रहण और किसानों के लिए इसके लाभ पर चर्चा की गई। बैठक में नागपुर जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा अध्यक्ष मनोहर कुंभारे भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### किसानों के लिए वरदान साबित होगी यह योजना

विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने कहा कि यह परियोजना इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी।

## गायत्री उपवन में बच्चों ने बताया जल का महत्व




**कामठी.**

पोरवाल पार्क स्थित गायत्री स्वास्थ्य उपवन में पिछले दिनों में जल दिवस पर बाल संस्कार शाला के बच्चों में राशी हिवरेकर, अनमोल श्रीवास, अंतरा हिवरेकर, आर्य द्वारा जल संरक्षण पर जल है तो कल है, हम जल बना तो नहीं सकते, बचा तो सकते हैं। जैसे स्लोगन की तख्ती दिखाकर नागरिकों को बतलाया जल का महत्व।

## कोंढाली पुलिस ने बाल-विवाह रोकने में हासिल की सफलता

### बाल संरक्षण दल की तत्परता से नाबालिग लड़की का विवाह रुका

**कोंढाली.**

महिला एवं बाल विकास विभाग की चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर 26 मार्च को सूचना प्राप्त हुई कि कोंढाली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय लड़की का बाल विवाह होने जा रहा है। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण दल सक्रिय हुआ और तुरंत लड़की के घर जाकर आवश्यक जांच शुरू की।

परिवार वालों ने लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होने का झूठा प्रमाण पत्र दिखाया, लेकिन जब प्रशासन ने गहन जांच की और स्कूल के रिकॉर्ड खंगाले, तो लड़की की असली उम्र 16 वर्ष निकली। यह पुष्टि होते ही महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने पुलिस की मदद से विवाह को रुकवाया। 27 मार्च को कोंढाली पुलिस स्टेशन में परिवार वालों को बुलाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। उन्हें बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के तहत जानकारी दी गई और एक शपथ पत्र (बॉन्ड) लिखवाया गया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि लड़की की शादी 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले नहीं की जाएगी। इसी तरह, लड़के की शादी भी 21 वर्ष की उम्र से पहले नहीं करने का संकल्प लिया गया।



इस कार्रवाई के तहत, पुलिस ने सभी विवाह लॉन संचालकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को सख्त निर्देश दिए कि वे बिना सत्यापन के नाबालिगों की शादी के लिए अपने परिसर का उपयोग न करने दें। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान समाज के कई नागरिक भी पुलिस स्टेशन में एकत्रित हुए।

बाल कल्याण समिति द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई कि वे बाल विवाह नहीं करेंगे और समाज में इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाएंगे। इस कार्रवाई में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रणजीत कुर्रे, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुश्ताक पठान, चाइल्ड लाइन प्रतिनिधि पूजा कांबले, जीएसएमटी एनजीओ से प्रियंका बागड़े, कोंढाली थाने के प्रभारी अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश तट्टे, पर्यवेक्षक श्रीमती बोगडे, ग्राम सेविका जया पाटिल, सरपंच किस्मत चव्हाण, पुलिस पाटिल भोंगले सहित अन्य अधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस की इस तत्परता और बाल संरक्षण दल की सक्रियता से एक नाबालिग लड़की का जीवन संवर सका। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तुरंत इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दें।

## कोंढाली पुलिस ने नकली सोना बेचने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

### > बाजारगांव के पास पांजरा (गोविंद) में हुई घटना

**कोंढाली.**

ठाणे (मुंबई) के एक युवक की शिकायत पर कोंढाली पुलिस ने नकली सोना बेचने की योजना बना रहे दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ठाणे (मुंबई) निवासी सोमनाथ भगवान गिरी 9 अप्रैल 2024 को नागपुर में एक कबड्डी टूर्नामेंट खेलने आए थे। इसी टूर्नामेंट में सूरज पवार और शरद पवार नाम के दो युवक भी शामिल थे। खेल के दौरान सोमनाथ गिरी की सूरज पवार से जान-पहचान हो गई और दोनों ने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर ले लिए।

कुछ दिन बाद सूरज पवार ने सोमनाथ गिरी को फोन कर बताया कि उसे खुदाई में सोने के सिक्के मिले हैं और वह उन्हें बेचना चाहता है। उसने यह भी कहा कि यदि सोमनाथ के पास कोई खरीदार हो, तो वह सौदा करने में मदद कर सकता है। इसके



बाद सूरज पवार ने व्हाट्सएप पर सोने के सिक्कों का एक वीडियो भेजा और सोमनाथ को सिक्के देखने के लिए पांजरा (गोविंद) बुलाया। 27 फरवरी को सोमनाथ गिरी अपने मित्र राहुल देवीदास अंधाले के साथ नागपुर पहुंचे और वहां से सीधा बाजारगांव के पास पांजरा (गोविंद) गए। वहां सूरज पवार ने उन्हें अपने घर बुलाया और सोने के सिक्के दिखाए। सूरज ने सोमनाथ को विश्वास में लेकर दो सिक्के जांच के लिए ले जाने की अनुमति दी और बदले में 10,000 रुपये मांगे। हालांकि, सोमनाथ गिरी और उनके दोस्त को इस पूरे मामले पर शक हुआ और उन्होंने सोने के सिक्के लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों ठाणे (मुंबई) लौट गए। लेकिन इसके बाद शरद पवार बार-बार सोमनाथ को फोन कर सस्ते में सोना खरीदने का दबाव डालने लगा। इससे सोमनाथ को और अधिक संदेह हुआ और उन्होंने नागपुर पुलिस कमिश्नर से ऑनलाइन शिकायत कर दी। शिकायत मिलने के बाद मामला नागपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार के कार्यालय भेजा गया, जहां से इसे कोंढाली पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। कोंढाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एक टीम गठित की, जिसमें पुलिस उपनिरीक्षक धवल देशमुख, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र नागरे और मनोज अगरकर शामिल थे। पुलिस टीम ने जब सूरज पवार और शरद पवार की जांच शुरू की, तो पता चला कि उनका असली नाम सुरेश रमेश जाधव (29) और शरद रमेश जाधव (27) है। ये दोनों पांजरा (गोविंद) गांव के निवासी हैं। पुलिस ने जब सूरज जाधव के घर की तलाशी ली, तो वहां एक नीले बैग में 104 पीले रंग के नकली सोने के सिक्के और एक स्टील की केतली बरामद हुई। केतली में राम, सीता और लक्ष्मण के चित्र वाले कुछ और सिक्के मिले। जब सूरज जाधव से इन सिक्कों के बारे में पूछा गया, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने मौके से सभी नकली सिक्के जब्त कर लिए और पाया कि सुरेश रमेश जाधव और शरद रमेश जाधव ने फर्जी तरीके से खुद को "पवार" सरनेम से परिचित कराकर ठगी की साजिश रची थी। कोंढाली पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 318 (4), 62, 3 (5) के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया और सुरेश जाधव को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस शरद जाधव की तलाश कर रही है। इस मामले की आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक धवल देशमुख और उनकी टीम कर रही है।

### नागरिकों से लिए पुलिस की अपील

कोंढाली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस तरह की सस्ती दरों पर मिलने वाले "खजाने" या "सोने के सिक्कों" के झांसे में न आएं। ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते ठगी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## महाबोधी महाविहार आंदोलन शांति मार्च को सफल बनाएं : शंभरकर

**कामठी.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया गवई के नागपुर ज़िला अध्यक्ष सुधीर शंभरकर ने आंबेडकरी विचारधारा के लोगों से आव्हान किया कि अपनी विरासत और सभ्यता को बचाने के लिए मंगलवार 2 अप्रैल को दोपहर 3 बजे बुद्धगया महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन शांति मार्च मे बड़ी संख्या मे जुड़े। शांति मार्च आंदोलन का मार्ग दीक्षाभूमि से निकलकर काचीपूरा चौक - लोकमत चौक - पंचशील चौक - वेरायटी चौक - संविधान चौक में पहुंच कर सभा ली जाएगी। इस आंदोलन के दौरान विभिन्न मांगों में बोधगया मंदिर प्रबंधन कानून, 1949



को संपूर्ण रूप से हटाया जाए । बोधगया मे प्रबंधन समिति पर सम्पूर्ण रूप से केवल बौद्ध ही हो। बोध गया मे पिंडदान जैसे गैर बौद्ध रीतिरिवाजो पर रोक लगाई जाए। तथागत बुद्ध की मूर्तियों को हिन्दू देवी देवता बनाने के प्रयासों को रोका जाए, सहित अन्य मांगों का समावेश है।

## नाबालिग लड़की पर अत्याचार, पुसागोंदी गांव की घटना

**कोंढाली.**

महान से सात किलोमीटर दूरी के कोंढाली पुलीस स्टेशन अंतर्गत पुसागोंदी गांव की 17 वर्षिय लडकी पर अत्याचार किया, वैद्यकीय जांच में अत्याचारीत 17वर्षीय लडकी 4 महिने की गर्भपतीब गई है. इस प्रकरण में संबंधित युवक के खिलाप कोंढाली पुलीस ने मामला दर्ज किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुण विनोद राठोड 23मु. पुसागोंदी तहसील काटोल यह आरोपी का नाम है. आरोपीने उसके पडोस मे रहनेवाली 17 वर्षिय युवती का शारिरीक शोषण कर उसे गर्भवती किया. यह 17 वर्षिय युवती जांच के लिए नागपुर के डागा हॉस्पिटल पहुंची डॉक्टरने को जांच मे लडकी कम उम्र होने की जानकारी मिली. डागा हॉस्पिटल नागपुर के डॉक्टरने यह जानकारी नागपूर तहसील पुलीस को दी नागपूर तहसील पुलिस ने पोस्को के तहत मामला दर्ज कर घटना कोंढाली पुलीस थाना अंतर्गत होने के कारण यह मामला ऑनलाईन कोंढाली पुलिस को भेजा. कोंढाली पुलीस को सुचना प्राप्त होते ही इस मामले में आरोपी अरुण विनोद राठोड 23 मु. पुसागोदी के खिलाप अत्याचार तथा पोस्को अंतर्गत मामला दर्ज किया है. कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक सलीम शेख मामले की जांच कर रहे है.

## रामटेक में तालाब की आड़ में अवैध मुरुम और मिट्टी उत्खनन

### > प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

**रामटेक.**

रामटेक विधानसभा क्षेत्र के पारशिवनी, देवलापार और रामटेक तहसील में तालाब की गाद सफाई के नाम पर बड़े पैमाने पर मुरूम और मिट्टी का अवैध उत्खनन जारी है। इस अवैध गतिविधि पर राजस्व और वन विभाग की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है।गट ग्राम पंचायत मनसर-कांद्री क्षेत्र के बोदरी तालाब में गाद सफाई की आड़ में मिट्टी और मुरूम निकाला जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह सामग्री एक निजी पेट्रोल पंप की जमीन भराई के लिए उपयोग की जा रही है।

प्रकरण की जानकारी मिलते ही रामटेक थाने के प्रभारी आशाराम शेटे ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच



शुरू कर दी। वहीं, वन विभाग और राजस्व विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।रामटेक विधानसभा क्षेत्र इन दिनों रेत, मुरूम और मिट्टी के अवैध उत्खनन को लेकर चर्चा में है। प्रशासन की अनदेखी से यह साफ होता है कि बड़े पैमाने पर हो रहे इस उत्खनन में प्रभावशाली लोगों की भागीदारी हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## विधायक आशीष देशमुख के 100 दिनों का कार्यकाल : विकास की नई शुरुआत



**सावनेर.**

हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख ने क्षेत्र की जनता, विशेषकर सावनेर शहर के निवासियों से पिछले 30 वर्षों से रुके हुए विकास कार्यों को गति देने का वादा किया था। अपने वादे को निभाने के लिए वे चुने जाने के बाद से ही सक्रिय नजर आ रहे हैं। जगह-जगह समीक्षा बैठकें कर रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे क्षेत्र की जनता में उत्साह देखा जा रहा है। इस विषय पर हमारे स्थानीय संवाददाता ने समाजसेवियों से उनकी राय ली।

**सावनेर विधानसभा विकास की ओर अग्रसर: मंदार मंगले (भाजपा तहसील अध्यक्ष)**



भाजपा तालुका अध्यक्ष मंदार मंगले का कहना है कि सावनेर विधानसभा क्षेत्र को पिछले 30 वर्षों से विकास में पिछड़ने का जो ग्रहण लगा था, वह विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख के चुने जाने से दूर हो गया है। वे एक दूरदर्शी सोच वाले युवा नेता हैं, जिनमें विकास के लिए कार्य करने की अपार क्षमता है। केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार होने के साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले से उनकी नजदीकी का लाभ क्षेत्र को मिल रहा है। भाजपा की विकासशील नीतियों के तहत तेजी से नए कार्यों की नींव रखी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि सावनेर विधानसभा क्षेत्र अब विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

**कथनी और करनी में अंतर नहीं: राजू घुगल (पूर्व नगरसेवक, भाजपा शहर अध्यक्ष)**



राजू घुगल का मानना है कि विधायक आशिषबाबू देशमुख में उनके पिता, पूर्व मंत्री रणजीतबाबू देशमुख की कार्यशैली दिखाई देती है। वे जनता की समस्याओं को हल करने में निपुण हैं। अगर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर उनके पास जाता है, तो वे उसे समझकर जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करते हैं। इसका उदाहरण ग्राम गुजरखेडी में देखने को मिला, जहां राज्य परिवहन की बसें नहीं रुकने के कारण छात्रों और ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। जब यह मामला विधायक देशमुख के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तुरंत वहां यात्री निवास बनवाकर बसों के ठहराव की व्यवस्था की।

**पूरा होने लगा विकास का वादा: तुषार उमाटे (पूर्व नगरसेवक)**



पूर्व नगरसेवक तुषार उमाटे का कहना है कि विधायक देशमुख ने सावनेर शहर के लोगों से जो विकास का वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए वे लगातार समीक्षा बैठकें कर रुके हुए कामों को गति दे रहे हैं। इससे जनता में उत्साह देखा जा रहा है।

**आरंभ है प्रचंड: अभिषेकसिंह गहरवार (युवा समाजसेवी)**



युवा समाजसेवी अभिषेकसिंह गहरवार का कहना है कि अभी मात्र 100 दिन हुए हैं, और विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख ने अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए उचित प्रयास शुरू कर दिए हैं। उन्होंने स्वयं पेंच पश्चिम जंगल का दौरा कर वहां के गाइड, ड्राइवर और वन विभाग की समस्याओं को जाना। आने वाले समय में निश्चित रूप से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उनके 100 दिनों के कार्यकाल में किए गए प्रयासों से मतदाताओं में संतोष है कि उन्होंने सही व्यक्ति को चुना।

**आशिषबाबू का काम दिखने लगा: निखिल पोटभरे (युवा समाजसेवी)**



युवा समाजसेवी निखिल पोटभरे का कहना है कि जो कार्य पूर्व खेल मंत्री नहीं कर सके, उसे विधायक आशिषबाबू देशमुख ने कुछ ही महीनों में पूरा कर दिखाया। सावनेर में सर्वसुविधायुक्त फुटसाल मैदान का निर्माण हो, स्केटिंग ट्रैक पर सोलर लाइट की व्यवस्था हो, कोलार नदी के पुल पर विद्युतिकरण हो या फिर विधानसभा क्षेत्र में निःशुल्क कैंसर रोग निदान शिविरों का आयोजन— इन सभी कार्यों से यह स्पष्ट हो गया है कि विधायक देशमुख को विकास की कितनी चिंता है।

## सांसद सुमन के घर पर करणी सेना के हमले का माया चवरे ने किया निषेध

**कामठी.**

राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले को लेकर जिला समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश महिला सभा अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष माया चवरे ने निषेध व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद हमारे देश की जो सबसे बड़ा सदन है। वही सांसद के घर पर हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सांसद को सुरक्षा प्रदान की जाए।

माया चवरे ने बताया कि राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर हमला हुआ है यह बिल्कुल गलत है उनके पास अगर करणी सेना है तो हमारे पास भी सेना है। हमें किसने अधिकार दे दिया है किसी के घर पर बुलडोजर ले जाना पुलिस को अपनी गाड़ी से रौद देना किसी सांसद के घर पर एट पत्थर और धारदार हथियारों द्वारा हमला करना, यह लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होने कहा जहां मुख्यमंत्री एक शहर में हो वहां गुंडे माफिया इस



तरीके का काम करेंगे तो यह भाजपा की दलित विरोधी सोच है निश्चित रूप से यह उजागर हो चुकी है हम लोहिया वाहिनी के सभी लोग यह मांग करते हैं कि उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## गणेशपेठ में दिनदहाड़े 4.66 लाख की चोरी

**नागपुर.** गणेशपेठ थाना क्षेत्र के नायडु वाडा स्थित सम्राट गेस्ट हाउस के पास मंगलवार को दोपहर अज्ञात चोर ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर ने घर में घुसकर करीब 4 लाख 66 हजार रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी भाग्यश्री रितेश बर्वे (40 ) अपनी बेटी को स्कूल से लाने के लिए बाहर गई थीं। इस दौरान उनकी सास भी घर का दरवाजा बंद कर पास के ही एक रिश्तेदार के घर गई थीं। इसी समय चोर ने खुले दरवाजे से घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### तुषार वेखंडे

**नागपुर:** सैतवाल जैन संगठन मंडल महावीरनगर के अध्यक्ष चंद्रकांत वेखंडे के पुत्र तुषार वेखंडे (44) का गुरुवार को हृदयाघात से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 9:30 बजे महावीरनगर स्थित निवास से गंगाबाई घाट किया जाएगा। उनके निधन से जैन समाज में शोक व्याप्त है। वे माता-पिता, पत्नी, पुत्र व दो भाइयों सहित परिवार छोड़ गए हैं।

# जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, लगातार बढ़ रहा तापमान

## > मौसम विभाग ने नागरिकों को दी गर्मी से बचने की सलाह

**अकोला.**

शहर में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो बुधवार को 0.6 डिग्री सेल्सियस और बढ़ गया। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की संभावना है।



फरवरी महीने में अकोला जिले का अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। सबसे ज्यादा तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो पिछले कुछ सालों में फरवरी का सबसे अधिक तापमान था। मार्च की शुरुआत से ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 27 फरवरी को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस था मार्च में यह बढ़कर 41.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बुधवार को इसमें और बढ़ोतरी दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव हो सकता है। हालांकि, मार्च के अंतिम दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं और धूप में निकलने से बचें।

# सोयाबीन के कम दामों के कारण फसल कर्ज सीमा नहीं बढ़ने से किसानों में निराशा

**अकोला.**

पिछले पांच वर्षों से सोयाबीन, कपास और तुअर के दाम कम बने हुए हैं। इस साल सरकार ने फसल कर्ज की सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया, लेकिन सोयाबीन, कपास और तूर के लिए यह सीमा जस की तस बनी हुई है। सरकार ने फसल कर्ज की सीमा तय करने के लिए पिछले पांच वर्षों के दामों का औसत निकाला, लेकिन चूंकि इन फसलों के दाम नहीं बढ़े, इसलिए कर्ज की सीमा में भी कोई वृद्धि नहीं की गई।बैंकों की ओर से किसानों को एक साल के लिए बिना ब्याज वाला फसल कर्ज दिया जाता है।



खरीफ सीजन में जिले के 1,06,708 किसान फसल कर्ज लेते हैं। 1अप्रैल से फसल कर्ज का वितरण शुरू होगा। इस साल फसल कर्ज की सीमा बढ़ाई गई, लेकिन सोयाबीन, कपास और तूर के लिए यह सीमा स्थिर रखी गई। वर्तमान में सोयाबीन की कीमत 3 हज़ार से 4 हज़ार रूपए प्रति क्विंटल के बीच है, और इस साल इसके दाम काफी गिर गए हैं। जो किसान नियमित रूप से फसल कर्ज चुकाते हैं, उन्हें हर साल 10% अधिक कर्ज मिलता है, लेकिन निश्चित सीमा के कारण उन्हें भी अधिक कर्ज नहीं दिया जा रहा।

किसान अतिरिक्त कर्ज की मांग कर रहे हैं, लेकिन बैंक इसे मंजूर करने से इनकार कर रहे हैं।इस साल के खरीफ सीजन के लिए फसल कर्ज का वितरण अप्रैल से शुरू होगा। किसान पहले का कर्ज चुकाकर नया कर्ज लेंगे। हालांकि, इस साल के लिए फसल कर्ज का लक्ष्य अभी तक तय नहीं हुआ है, और यह अप्रैल के पहले सप्ताह में घोषित होने की संभावना है।

# हिंगनघाट में शंकर पट और नाट्य महोत्सव का भव्य आयोजन

## > बड़ी संख्या में लोगों ने लिया नाटकों और बैलगाड़ी दौड़ का आनंद

**हिंगनघाट.**

समीप नांदगांव में किसान शंकर पट और नाट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय कृष्णरावजी झोटिंग पाटील, वृषभ सेठ सुराणा, मन्नुभाई कोचर, बैल ड्राइवर मारोतराव राऊत, स्व. धनराज कलोडे, स्व. वसंत पाटील पोंगडे की स्मृति में किया गया था।



इस कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे और कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति एड. सुधीर कोठारी द्वारा 21 से 24 मार्च 2025 तक किया गया।

नाट्य महोत्सव के अंतर्गत युवा रंगमंच वडसा द्वारा "भूक" नाटक का मंचन 22 मार्च को किया गया, जबकि 23 मार्च को रंगतरंग थिएटर्स वडसा द्वारा "नशीब" नाटक प्रस्तुत किया गया। इन नाटकों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

शंकर पट में न केवल विदर्भ बल्कि महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से नामी बैलजोड़ियों ने भाग लिया और इस आयोजन को सफल बनाया। बैलगाड़ी दौड़ के विजेताओं को नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

24 मार्च को आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व विधायक प्रा. राजू तिमांडे, बाजार समिति सभापति एड. सुधीर कोठारी, समुद्रपुर बाजार समिति सभापति हिम्मत चतुर, उद्यमी प्रसन्ना बैध, उपसभापति हरीश वडतकर, एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सौरभ तिमांडे, गौरव तिमांडे, बबलू कोल्हे, सागर तिमांडे, अक्षय लोखंडे, मधुकर कुटे, निशांत ठवरी, मंगेश महाकालकर, फैजान सय्यद, हर्षल तपासे, ओम सावरकर, यश खेनवार सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शंकर पट और नाट्य महोत्सव को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे, जिससे यह आयोजन बेहद सफल रहा।

# जल संकट के खिलाफ ग्रामीणों का आंदोलन

## > प्रशासन ने दिया नियमित जलापूर्ति का आश्वासन

**अकोला.**

जिले के बारुला के खांबोरा क्षेत्र में 64 गांवों के लिए जलापूर्ति योजना चालू है, जिसके पुनरुद्धार पर 73 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसके बावजूद, 19 गांवों के लोगों को हर पखवाड़े ही पानी मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से पहले पुरानी पाइपलाइन के जरिये भी हर 15-20 दिन में पानी मिल जाता था, लेकिन अब करोड़ों खर्च होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।



ग्रामीणों ने इस योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और पेयजल संकट के विरोध में आपातापा क्षेत्र में पानी की टंकी पर चढ़कर आंदोलन किया। आंदोलन की खबर मिलते ही जीवन प्राधिकरण के उपकार्यकारी अभियंता और जिला परिषद जल आपूर्ति विभाग के उपविभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की।

आंदोलन के बाद प्रशासन ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अब जलापूर्ति हर सात से आठ दिन में नियमित रूप से की जाएगी। लिखित आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जलापूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो वे दोबारा बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

# नहीं बढ़ रही कपास की कीमत, किसान फसल रोके कर रहे बढ़ोत्तरी का इंतजार

**अमरावती.**

अमरावती के स्थानीय बाजार में सरकी की मांग बढ़ने से उसके दाम में 200 से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी हो गई है। इस बढ़ोतरी का असर कपास के दामों पर अब तक नजर नहीं आ रहा। बाजार में अभी भी कपास की कीमत 7250 से 7500 रुपये प्रति क्विंटल तक ही है।अभी भी बहुत से किसानों ने दरवृद्धि की उम्मीद में कपास का स्टॉक किया हुआ है।



कपास की खरीदारी 24 मार्च से सीसीआई द्वारा बंद कर दी गई थी। ग्रेड घटाने के कारण सीसीआई का समर्थन मूल्य 7421 रुपये था। वहीं, पहले सरकी का दाम 3300 रुपये प्रति क्विंटल था, जो 26 मार्च तक बढ़कर 3750 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। गर्मी के मौसम में सरकी के दाम में हर साल बढ़ोतरी होती है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय घटनाओं का भी असर दरों पर पड़ता है।

हालांकि, कपास के दामों में मामूली बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इस बारे में कोई निश्चितता नहीं है कि आगे और वृद्धि होगी या ये दाम स्थिर रहेंगे। पिछले साल अधिक बारिश के कारण कपास की फसल को भारी नुकसान हुआ था। सरकी की दरों में वृद्धि होने के बावजूद, कपास के दाम में अभी तक कोई वृद्धि नहीं हुई है। कपास की कीमत पर अंतर्राष्ट्रीय बाजार का भी असर है। रुपया-डॉलर की दर में उतार-चढ़ाव और चीन के गारमेंट उत्पादन पर अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ के कारण अपने देश में कपास की कीमत स्थिर बनी हुई है।

# चंद्रकांत उदगीकर का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

## > चंद्रकांत उदगीकर एक अभिनव प्रेरणा हैं: डॉ. भूषण कुमार उपाध्याय

**वर्धा.**

सामाजिक भाईचारे, एकता और अखंडता पर चर्चा करने वाले तो बहुत मिलते हैं, लेकिन इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले व्यक्तित्व दुर्लभ होते हैं। नागपुर में ऐसे ही एक समाजसेवी, संवेदनशील और समर्पित व्यक्तित्व, सेवानिवृत्त सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रकांत उदगीकर के अमृत महोत्सव समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. भूषण कुमार उपाध्याय ने उदगीकर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, "चंद्रकांत उदगीकर प्रसिद्धि से दूर रहकर सामाजिक सद्भाव, प्रगति और एकता को मजबूत करने के लिए कार्यरत हैं। वे न केवल समाज में बदलाव लाने वाले मौलिक विचारक हैं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी हैं।"

कार्यक्रम का आयोजन वनमती ऑडिटोरियम, नागपुर में किया गया। इस अवसर पर जयमहाकाली शिक्षण संस्थान, वर्धा के अध्यक्ष पं. शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने अध्यक्षता की। प्रमुख अतिथियों में विधायक विकास ठाकरे, नागपुर के संयुक्त पुलिस आयुक्त निसार तंबोली, क्रिम्स अस्पताल के मुख्य निदेशक डॉ. अशोक अर्बत, पूर्व मंत्री रमेश बंग, विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष प्रदीप दाते, वरिष्ठ लेखक इमरान राही, उड़ान एक के अध्यक्ष अमर अणे, डॉ. नताशा उदगीकर, रेणुका उदगीकर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मंच पर उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रदीप दाते ने कहा, "चंद्रकांत उदगीकर एक बहुआयामी व्यक्तित्व हैं, जो संवेदनशीलता, सक्रियता और रचनात्मकता के प्रतीक हैं। उनके सामाजिक एवं प्रशासनिक कार्य सभी के लिए प्रेरणादायी हैं।" कार्यक्रम के अध्यक्ष शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "व्यक्ति का सम्मान उसकी उपलब्धियों और नैतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। चंद्रकांत उदगीकर अपने उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज में सम्मान और गौरव का पात्र बने हैं।" इसके उपलक्ष्य में उन्हें शॉल और फल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक विकास ठाकरे, पूर्व मंत्री रमेश बंग, संयुक्त पुलिस आयुक्त निसार तंबोली, डॉ. अशोक अर्बट, अधिशासी अभियंता के.आर. बजाज, डॉ. विलास तभाने, प्रो. मंजू चौगावकर और बंडू देशपांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का परिचय नंदकिशोर उदगीकर ने दिया, जबकि अतिथियों का परिचय डॉ. नताशा उदगीकर और साकेत उदगीकर ने करवाया। संचालन वरिष्ठ लेखक इमरान राही ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रेणुका उदगीकर ने किया।

समारोह में बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिनमें जमील अहमद, पूर्व पुलिस अधीक्षक मालेगांवकर, सुरेश सागर, प्रदीप देशमुख, मनीष जंगीटकर, डॉ. रवींद्र चव्हाण, पराग इराटवार, दीपक जैस्वाल, वसंत सुरते, सत्यनारायण तेला, विनोद दत्तात्रेय, प्रशांत कोलवाडकर, राजे धोपटे सहित कई अन्य समाजसेवी शामिल थे।

चंद्रकांत उदगीकर का अमृत महोत्सव न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण भी साबित हुआ। उनके कार्यों की सराहना करते हुए अतिथियों ने उनके स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना की।

# तुअर की बिक्री के लिए नाफेड रजिस्ट्रेशन की मोहलत अब 15 दिन बढ़ी

## > जिले के 21 केंद्रों पर 9 अप्रैल तक होगा रजिस्ट्रेशन



**अमरावती.**

तुअर की खरीदारी के लिए आवश्यक नाफेड रजिस्ट्रेशन की मोहलत अब 15 दिन बढ़ा दी गई है। अमरावती जिले के 21 केंद्रों पर 9 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके बावजूद, खरीदारी केवल 14 केंद्रों पर ही हो रही है, जिससे किसानों को अपनी तुअर व्यापारियों को बेचने की मजबूरी है.

कृषि उपज की गिरती कीमतों और किसानों को उनकी उपज का साहू मूल्य दिलाने के लिए सरकार द्वारा तुअर की खरीदारी की जाती है ताकि उन्हें msp की सुरक्षा मिल सके। इस प्रक्रिया के तहत तूअर की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 24 जनवरी से शुरू की गई थी, और इसकी अंतिम तारीख 24 फरवरी थी। हालांकि, इस अवधि में किसानों का रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं हुआ था, जिसके कारण 30 दिन की मोहलत बढ़ाई गई थी। अमरावती, चांदूरबाजार, अंजनगाव सुर्जी, येवदा, कापूसतलणी, भातकुली और डीएमओ के धारणी, खल्लार और नेरपिंगळाई केंद्रों पर अब तक तूअर की खरीदारी की गई है। लेकिन बाकी केंद्रों पर खरीदारी की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है, जिससे किसानों को बेचने के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं मिल रहा है।

किसानों का कहना है कि इस दौरान तूअर की कीमतें गिरने से उन्हें बाजार में काफी नुकसान हो रहा है और उन्हें अपनी फसल को बिना लाभ के बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि, अब रजिस्ट्रेशन के लिए और 15 दिन की मोहलत मिलने से किसानों को उम्मीद है कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करेगी।

# जयंत पिंपले महाराष्ट्र उद्योजकता पुरस्कार से सम्मानित

**वर्धा.** येलाकेली के निवासी और ब्लेझ 12 कंपनी के संचालक जयंत पांडुरंग पिंपले को वर्ष 2025 के महाराष्ट्र उद्योजकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह सम्मान 21 मार्च को नाशिक के सोमा वाइन विलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया। जयंत पिंपले को यह पुरस्कार प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर के हाथों दिया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के वित्त विभाग के डेप्युटी कमिश्नर समाधान महाजन भी उपस्थित थे।

# वर्धा में तीन दिवसीय भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

## > प्रसिद्ध गायक जॉली मुखर्जी की प्रस्तुति से होगा शुभारंभ

**वर्धा.**

वर्धा की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक गति देने के उद्देश्य से जय महाकाली शिक्षण संस्था, सृजन म्यूजिकल और लायंस क्लब गांधी सिटी वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय वर्धा सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव दिनांक 28, 29 और 30 मार्च को अग्निहोत्री कॉलेज कैंपस, रामनगर, वर्धा में संपन्न होगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री, स्वागत समिति प्रमुख संदीप चिचाटे और संयोजक शशिकांत बागड़दे ने प्रेसवार्ता में दी।



महोत्सव का शुभारंभ 28 मार्च को शाम 7 बजे बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गायक जॉली मुखर्जी के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति से होगा। इस कार्यक्रम में गायक शशिकांत बागड़दे, श्रेया खराबे और अवंतिका ढूमने भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

जॉली मुखर्जी हिंदी फिल्म जगत के प्रसिद्ध गायक हैं। उन्होंने किशोर कुमार, लता मंगेशकर, अनुराधा पौडवाल, आशा भोसले, अलका याज्ञनिक, साधना सरगम, सपना मुखर्जी जैसे दिग्गज गायकों के साथ सुपरहिट गाने गाए हैं। साथ ही, उन्होंने लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, कल्याणजी-आनंदजी, आर. डी. बर्मन, शिव-हरि, नदीम-श्रवण जैसे प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया है। उनके गीतों में "दयावान", "चांदनी", "जादूगर", "रघुवीर", "राजू बन गया जेंटलमैन" जैसी फिल्मों के सुपरहिट गाने शामिल हैं। वे पिछले 45 वर्षों से संगीत जगत में सक्रिय हैं।

29 मार्च को शाम 7 बजे वर्धा के प्रख्यात कलाकार संदीप चिचाटे द्वारा निर्मित "महाराष्ट्र लोकधारा" कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान जगदंब ढोल ताशा पथक के 100 कलाकारों की भव्य प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही, वेदिका डांस अकैडमी और आशीष डांस अकैडमी के नृत्य कलाकार यशश्री फटिंगे और आशीष ठाकरे के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र के विभिन्न लोकनृत्यों का प्रदर्शन करेंगे। 30 मार्च को शाम 7 बजे ज़ी सारेगामा विजेता अनिरुद्ध जोशी और वर्धा की लोकप्रिय गायिका सानिका बोभाटे द्वारा सदाबहार गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम निःशुल्क रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग संगीत का आनंद ले सकें।

आयोजन समिति के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री, स्वागत समिति प्रमुख संदीप चिचाटे, कार्यक्रम संयोजक शशिकांत बागड़दे सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने वर्धा के नागरिकों से इस भव्य सांस्कृतिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# युवा किसान ने पीले तरबूज की खेती कर किया सफल प्रयोग

**हिंगनघाट.**

शेकापुर (बाई) गांव के युवा किसान सुजल चव्हाण ने अपने खेत में पीले तरबूज की सफल खेती कर एक नया प्रयोग किया है। आमतौर पर बाजार में लाल तरबूज ही देखने को मिलता है, लेकिन अब हिंगणघाट में पीला तरबूज भी बिक्री के लिए उपलब्ध है।



सुजल चव्हाण ने 1 एकड़ जमीन में पीले तरबूज की खेती की है। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से बीज ऑनलाइन मंगवाए और अपने खेत में प्राकृतिक व जैविक तरीकों से इसकी खेती की। अब जब फसल तैयार हो गई है, तो वे हिंगनघाट में इसे बेच रहे हैं। स्वास्थ्य के लिए लाभकारी, बाजार में बढ़ रही मांग अंग्रेजी में इसे "येलो वॉटरमेलन" कहा जाता है, जो पोषण से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं, जिससे यह सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। हिंगणघाट के नागरिक भी इसे पसंद कर रहे हैं और खरीदारी कर रहे हैं। सुजल चव्हाण अपने स्वयं के मालवाहक ऑटो के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर इस तरबूज को बेच रहे हैं। 50 रुपये प्रति किलो की दर से इसकी बिक्री की जा रही है, जिससे अच्छी कमाई की उम्मीद है।

सुजल चव्हाण ने बारहवीं तक की शिक्षा पूरी की है और फिलहाल कृषि डिप्लोमा के पहले वर्ष के छात्र हैं। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेती में नवाचार कर यह साबित किया है कि अगर सही तकनीक और मेहनत से काम किया जाए, तो खेती में भी अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।

### युवा किसानों के लिए प्रेरणादायक कदम

हिंगणघाट तालुका के अन्य युवा किसान भी इस अनोखे प्रयोग को देखकर पीले तरबूज की खेती में रुचि दिखा रहे हैं। उनका मानना है कि इस फसल में अच्छा मुनाफा कमाने की संभावनाएं अधिक हैं। इस तरह से शेकापुर (बाई) गांव के युवा किसान ने खेती में नवाचार कर न केवल अपनी आमदनी बढ़ाई है, बल्कि अन्य किसानों को भी प्रेरित किया है।

यह है इंडिया का त्यौहार...



आज का मैच शाम 7:30 से vs

# लखनऊ ने हैदराबाद को उसके घर में हराया

**हैदराबाद.**

लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हरा दिया है. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में यह लखनऊ की पहली जीत है. इस मैच में हैदराबाद की टीम ने पहले खेलते हुए 190 रन बनाए थे, जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 23 गेंद शेष रहते इस मैच को जीत लिया है. निकोलस पूरन, मिचेल मार्श और शार्दुल ठाकुर, सुपर जायंट्स की जीत के सबसे बड़े हीरो रहे. दरअसल लखनऊ की जीत की नींव ठाकुर ने ही रख दी थी, जिन्होंने 4 विकेट लेकर हैदराबाद की बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़कर रख दी थी. ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन में जीत का स्वाद चख लिया है.





लखनऊ टीम ने अपना दूसरा मुकाबला गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 5 विकेट से जीता. यह मुकाबला हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया, जिसमें टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद टीम ने 191 रनों का टारगेट दिया. जवाब में लखनऊ टीम ने 4 विकेट गंवाकर 16.1 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया. सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए. टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी. शार्दुल ठाकुर ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को तीसरे ओवर में लगातार 2 गेंदों में आउट कर लखनऊ को अच्छी शुरुआत दिलाई. ठाकुर ने पारी में 4 विकेट हासिल किए. हैदराबाद के लिए इस पारी में सबसे अधिक रन ट्रेविस हेड (47) बनाए. अनिकेत वर्मा ने 5 छक्कों की मदद से 36 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली. पैट कमिंस ने 4 ही गेंदें खेली, लेकिन इसमें 3 छक्के जड़कर 18 रन बनाए. इन पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद 190 रन तक पहुंचा. हालांकि ये स्कोर कम नहीं है.

## हैदराबाद की खराब शुरुआत

सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी. तीसरे ओवर में टीम ने अभिषेक शर्मा और ईशान किशन के रूप में 2 बड़े विकेट लगातार 2 गेंदों में गवाएं. शार्दुल ठाकुर ने तीसरे ओवर की पहली और दूसरी गेंद पर दोनों को चलता किया. इसके बाद ट्रेविस हेड और नितीश कुमार रेड्डी ने 61 रनों की साझेदारी की. हेड 47 रन बनाकर प्रिंस यादव की गेंद पर बोल्ड हुए. 28 गेंदों में खेली इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 5 चौके जड़े.

## पूरन और मार्श ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

इस पारी में निकोलस पूरन ने 18 और मिचेल मार्श ने 29 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. उनके अलावा तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर भी हीरो रहे, जिन्होंने 4 विकेट झटके. लखनऊ के लिए पूरन ने 26 गेंदों पर 70 रनों की आतिशी पारी खेली. इस दौरान 6 छक्के और इतने ही चौके जमाए. जबकि मिचेल मार्श ने 31 गेंदों पर 52 रन ठोके. इस दौरान उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके लगाए. आखिर में कप्तान ऋषभ पंत ने 15 और अब्दुल समद ने नाबाद 22 रन बनाए. हैदराबाद टीम के लिए कप्तान पैट कमिंस ने 2 विकेट लिए. जबकि मोहम्मद शमी, एडम जाम्पा और हर्षल पटेल को 1-1 सफलता मिली.



# मंत्री ललित गांधी ने दिया सकल जैन समाज को मार्गदर्शन

> इंद्र भवन में सकल जैन समाज की मीटिंग
> जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल का उद्घाटन

**नागपुर.**



दिनांक 25 मार्च, मंगलवार को इंद्र भवन मोढ़ा मंदिर में सकल जैन समाज की एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग के संयोजक के रूप में महाराष्ट्र सरकार के जैन माइनॉरिटी आर्थिक विकास महामंडल की तीर्थ रक्षा कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पेंडरी और ऑल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन महाराष्ट्र की उपाध्यक्ष डॉ. ऋचा जैन को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर दिगंबर और सितंबर मंदिर के अध्यक्ष, मंत्री एवं ट्रस्टी उपस्थित रहे। महाराष्ट्र जैन अल्पसंख्यक विकास आर्थिक महामंडल के अध्यक्ष ललित गांधी ने इस अवसर पर बताया कि जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार और मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के सहयोग से संभव हो पाई है, जिसके लिए जैन समाज उनका आभार व्यक्त करता है।

इसके बाद, 25 मार्च को दोपहर 2:00 बजे जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के ऑफिस का उद्घाटन हज हाउस के सेकंड फ्लोर पर मंत्री महोदय द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम की प्रस्तावना ऋषि द्वारा की गई। ललित गांधी ने जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया कि महिलाओं के लिए कुटीर उद्योग के लिए 1 लाख रुपये तक का लोन, और युवा वर्ग के लिए 30 लाख रुपये तक का लोन प्रदान किया जाएगा। गांधी ने स्कूल और कॉलेज की स्थापना को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अलावा, मुनि महाराज की सुरक्षा, जिनछिड़ मंदिर का जीर्णोद्धार और घर बनाने के लिए लोन का प्रावधान भी किया जाएगा। 9वीं कक्षा और उससे ऊपर के बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की जाएगी।

**प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति, सफल आयोजन की सराहना**

आयोजित कार्यक्रम में आनंद निर्माण कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य निखिल कुसुमगार, तीर्थ रक्षा कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पेंढा, पीयूष साह, आनंद जैन, दिलीप राका, शरद डोलिया, चंद्रनाथ बेखंडे, भरतजी, सुरेश ओसवाल, नितिन नखाते जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर रिचा राजकुमार जैन ने किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक मुकेश जैन, एडवोकेट प्रीति राका, मनोज गिलरकर, केतन सेठिया और सुनील पेंडारी की मेहनत से यह आयोजन सफल हुआ। इस अवसर पर अनिल जैन, मुकेश सिहावत, दिलीप सावलकर, प्रशांत भुसारी, जय मामू, दिनेश जैन, विनय जैन, महेंद्र कटारिया, जितेंद्र गाडेकर, महेंद्र सेठ, अरविंद हनुमंत, रजनी जैन, नीलम जैन, चंद्रकांता, बाला पल्सपुरे, छाया जैन, नरेश जैन, मनीष जैन, प्रकाश मारवाड़, प्रदीप तुपकर, शीतल जैन और महिला मंडल बचत गट की सभी महिलाएं भी उपस्थित थीं।

### मानसिक पेंशन योजना की जानकारी

महाराष्ट्र में जैन अल्पसंख्यक आर्थिक विकास महामंडल के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए लोन और विदुषी महिलाओं के लिए मानसिक पेंशन योजना की घोषणा की गई है। इस संदर्भ में मंत्री महोदय ने मार्गदर्शन देते हुए बताया कि वर्तमान में महाराष्ट्र की कमेटी का गठन हो चुका है, जबकि जिला स्तरीय कमेटी का गठन अप्रैल माह में किया जाएगा। मंत्री ने इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें, इसके लिए सभी मंदिरों में ऑल इंडिया जैन माइनॉरिटी फेडरेशन की कमेटी बनाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिगंबर, सितंबर, स्थानक वासी और तेरापंथ सभी संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा, और किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं रखना चाहिए, ताकि हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

# मोहगांव नगर में शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं का विरोध

**सौंसर.**




मोहगांव नगर वार्ड छह के बस स्टैंड पर नवीन वित्तीय वर्ष से शराब दुकान स्थापित होने की सूचना पर वार्ड की महिलाओं ने विरोध करना शुरू कर दिया है। बुधवार को यह महिलाए तहसील मुख्यालय के आबकारी विभाग पहुंची और दुकान खोलने का विरोध करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। आबकारी अधिकारी और एसडीएम के नाम दुकान के विरोध में आपत्ति दर्ज की और इस आशय का ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में वार्ड वासियों ने कहा है कि नगर के बस स्टैन्ड के पास शराब भट्टी आने की सूचना मिल रही हैं, इस स्थान पर नगर परिषद का पार्क, महिला शौचालय तथा नजदीक बस्ती, नारायण मन्दिर तथा प्रख्यात मां भवानी मंदिर भी स्थापित हैं। नागरिकों ने कहा है कि इस स्थान पर शराब भट्टी नहीं आनी चाहिए। ज्ञापन देने पहुंची महिलाओ ने अधिकारियो से कहा की इस स्थान पर दुकान खुलती है तो शराबियो के उपद्रव से परेशानी निर्मित होगी। हमारी दुकान खोलने पर आपत्ति है। ज्ञापन सौंपने पार्षद नितीन ढोबले, प्रदीप घटोड़े,विष्णु कामड़े,संजय भाडे,भीमराज राऊत, राधेश्याम बसनकर, रंजना नेहारे,बेवीबाई,विमल रोकडे, हर्षला वैद्य,चंद्रा राऊत वनिता जनबंधु,कुसुम नेहारे शीतल शेंडे,आशा बोरकर, विशाखा चौरे और अन्य महिलाए उपस्थित थी.

# जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापना की मांग

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान से मिले नानाभाऊ मोहोड़

**सौंसर.**



जिले में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने बुधवार को कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर पूर्व विधायक नाथन शाह कवरेती, पूर्व जोनल रेलवे सदस्य विजय धवले, प्रेस क्लब के अध्यक्ष पुरूषोतम पोतरे उपस्थित थे। पूर्व मंत्री मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान को मांग पत्र देते हुए कहा पांढुर्णा जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां के किसान विभिन्न फसलों की खेती करते हैं। यहां की कृषि भूमि उपजाऊ है। आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, जैविक खेती, जल प्रबंधन, एवं कीट नियंत्रण की वैज्ञानिक जानकारी के अभाव में किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना होने से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण, एवं उन्नत कृषि उपकरणों की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

पूर्व मंत्री मोहोड़ ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से पांढुर्णा में कोरोना काल से बंद हुए ट्रेनों के स्टॉपेज पूर्ववत शुरू करने की मांग की।

# सौंसर में तेंदुए ने बछड़े का किया शिकार

**सौंसर.**



सौसर के वार्ड एक से लगे खेत में वन्य प्राणी तेंदुए ने बछड़े का शिकार किया है। वन विभाग स्टाफ मौका स्थल पर जाकर वन्य प्राणी के पगमार्क लेकर मूवमेंट की जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार सौसर नगर से लगे किसान चंद्रशेखर वाडेकर के खेत के कोठे से बीती रात तेंदुए ने गाय के बछड़े का शिकार किया है। किसान जब सुबह खेत में पहुंचा तो उसे बछड़ा मृत अवस्था में पड़ा मिला। किसान ने वन विभाग को सूचना देने पर स्टाफ कर्मचारियों ने घटना स्थल पर जाकर देखा तो शिकार के आधार पर तेंदुए का होना पाया है। वन अमले ने पचनामा बनाकर प्रकरण तैयार किया है । जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में वन्य प्राणी को बहोत बार देखा जा रहा है। वन अधिकारी ने बताया इन दिनों सौसर नगर जाम नदी के आस पास तेंदुआ को लगातार देखा जा रहा है । विभाग ने कहा है कि किसान अपने पशुओं के सुरक्षा को लेकर सतर्क रहे।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 779-3 | 348-5 |
| श्रीदेवी नाईट | 227-1 | 560-1 |

# बिल्लरवान ने सीओ से सफाई कर्मचारियों पर की चर्चा

**कामठी.**

भारतीय जनता पार्टी नागपुर ज़िला मंत्री दिनेश बिल्लरवान ने हालही में विभागीय आयुक्त कार्यालय नागपुर में सफाई कर्मचारी आयोग राज्यमंत्री दर्जा महाराष्ट्र प्रदेश के अध्यक्ष शेरसिंग सतीष डागोर की प्रमुख उपस्थितिथी में नागपुर विभाग के सभी नगर परिषदों के मुख्याधिकारीयो की बैठक आन लाईन द्वारा विभागीय आयुक्त कार्यालय नागपुर में चर्चा लिया गया। जिसमें विभागीय आयुक्त के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उसमें से सफाई कर्मचारी के कुछ विषयों को लेकर नगर परिषद कामठी के मुख्याधिकारी संदीप बोरकर और उनके अधिकारियों के साथ भारतीय जनता पार्टी नागपुर ज़िला मंत्री दिनेश बिल्लरवान के साथ नगर परिषद कामठी में बैठक की गई। बैठक में दिनेश बिल्लरवान ने बताया कि सरकार समय पर सफाई कर्मचारी के पुनर्वशन हेतु अनेक योजनाओं पर कार्य कर रही हैं, योजनाओं का लाभ सभी कर्मचारियों तक पहुंचे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न हैं सफाई कर्मचारियों का खुद का घर होना चाहिए, और अनेक योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। लाड पागे, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति, अनुकंपा, वारसहक, उनके विषयों पर भी चर्चा हुई और जल्द ही आयोग द्वारा नागपुर विभागीय आयुक्त कार्यालय में सभी नगर परिषदों के मुख्याधिकारीयो की बैठक ली जाएगी। इस अवसर पर नगर परिषद स्वास्थ्य निरीक्षक विजय उर्फ ग़प्पू मेथिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोत्तरी पर पालकों का विरोध

## स्कूल से किताबें खरीदने के लिए भी किया जाता है मजबूर

**सौंसर.**



सौसर के समस्त पालक गणों ने प्राइवेट स्कूल में फीस बढ़ोतरी के विरोध में ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सोपा गया. वहा उन्हें बताया गया की प्राइवेट स्कूलों द्वारा चिन्हित दुकानों से ही पुस्तक सामग्री क्रय करने के लिए पालक गनों पर दबाव बनाया जाता है व मनमाने ढंग से किताबों और स्कूल ड्रेस की फीस वसूली जाती है, जिस संबंध में आज सिद्धार्थ पटेल अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत कर ज्ञापन सौपते समय दर्शन झाड़े , राहुल आखरे, वीवेक गायकवाड़, गोलू वाडेकर, सोनू भकने , प्रशान्त ठाकरे, मधुकर ठाकरे आदि लोग मौजूद थे.

# कपिलनगर में 1.77 लाख की चोरी

**नागपुर.** कपिलनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर करीब 1.77 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिये। यह घटना 20 मार्च दोपहर 12:30 बजे से 24 मार्च सुबह 8:45 बजे के बीच घटी, जब घर के मालिक अपने परिवार सहित मैसूर घूमने गए थे। जानकारी के अनुसार, पीड़ित अभिलाषा भगवान सहारे (44) प्लॉट नं. 628/ए, बाबादीपसिंग नगर, कपिलनगर में रहती हैं।

घटना वाली रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बेडरूम में रखी अलमारी से करीब 1,77,000 मूल्य के सोने-चांदी के गहने चुरा लिये। इस घटना की शिकायत पीड़िता के भाई सुमीत चंद्रदास गजभिये (42), निवासी प्लॉट नं. 225, सिद्धार्थ नगर, टेका, नागपुर ने कपिलनगर पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

WOMEN'S
Achiever' Since 2012
ICON OF CENTRAL INDIA 2025
honoring the incredible women of our society for the THIRTEEN TIME
PRESENTED BY
DR. RICHA'S UNIQUE CLINIC
24 Pride Club
in BCN DIGITAL NEWS 24X7
THE TIMES OF INDIA महाराष्ट्र टाइम्स
THE TIMES OF INDIA
ASSOCIATED BY
BHAGWATI
UNIQUE INTERNATIONAL HEALTH & BEAUTY MALL
Dwarka
BHUMESH REALTORS
R.K. Hearing
AWARD CATEGORY
Visionary Business Icon | Beacon of Public Health | Inspiring Educator | Legacy of Learning | Heart of Society | Master of the Arts | Cultural Torchbearer | Champion in Sports | Defender of Justice - Police | Voice of Truth - Journalist | Guardian of Health | Crown of Grace | Spiritual Messenger of Peace | Lifetime Legacy | Community Powerhouse
SCAN QR TO NOMINATE
On a nomination of ₹1100, get a FREE voucher worth ₹2000 at DR. RICHA'S UNIQUE CLINIC
DEADLINE- MARCH 31, 2025
PHYSICAL FILE SUBMISSION
36, Gandhi Grain Market, Telephone Exchange Sq, Nagpur- 440008
Plot No. 69, Lane No. 1, Wardha Road, Rahate Colony- 440022
9730601704 | 8788895854